Seat No. : _____

OG-101(H)

October-2025

B.Com., Sem.-VI

CE-304 : Advance Accounting & Auditing-II

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

निर्देश : (1) दायीं ओर प्रश्न के गुण दर्शाए गए हैं ।

(2) बिन्दुवार उत्तर लिखिए ।

1. आपको देवर्श पब्लिक लिमिटेड कंपनी के अंकेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है । अंकेक्षण प्रारंभ करने से पूर्व आपके द्वारा ध्यान में लिए जाने वाले मुद्दों को लिखिए । **14**

अथवा

1. कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चर्चा कीजिए । **14**

2. (A) अंकेक्षण प्रतिवेदन क्या है ? अंकेक्षक के प्रतिवेदन के महत्व को समझाइए । **7**

2. (B) अंकेक्षक के प्रतिवेदन के मूलभूत तत्वों (लक्षणों) की चर्चा कीजिए । **7**

अथवा

2. (A) स्वच्छ प्रतिवेदन तथा त्रुटिपूर्ण (मर्यादित) प्रतिवेदन के मध्य अंतर लिखिए । **7**

2. (B) अंकेक्षण प्रमाण–पत्र का अर्थ बताइए एवं अंकेक्षण प्रमाण–पत्र का महत्व लिखिए । **7**

3. (A) सत्य (सच्चे) लाभों का निर्धारण करने में कई समस्याएँ आती हैं । समझाइए । **7**

3. (B) वर्ष 2023-24 हेतु वितरण योग्य (विभाज्य) लाभ की गणना कीजिए : **7**

वर्ष	मूल्यह्रास पूर्व लाभ या हानि (₹)	कंपनी अधिनियम के अनुसार निर्धारित मूल्यह्रास (₹)	अनवशोषित मूल्यह्रास (₹)
2021-22	(–) 1,80,000	60,000	15,000
2022-23	(+) 60,000	90,000	24,000
2023-24	(+) 6,30,000	1,50,000	–

अथवा

3. (A) लाभ तथा विभाज्य लाभ के मध्य अंतर बताइए । **7**

3. (B) विभाज्य लाभ के संदर्भ में अंकेक्षक के कर्त्तव्यों की चर्चा कीजिए । **7**

4. अन्वेषण क्या है ? इसकी लाक्षणिकताओं की चर्चा कीजिए । **14**

अथवा

4. अंकेक्षण कार्यक्रम का अर्थ बताइए तथा अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करते समय ध्यान में लिए जाने वाले बिन्दुओं की चर्चा कीजिए । **14**

5. बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु **सही** उत्तर लिखिए : (कोई **सात**) **14**

(1) निम्न में से किस स्रोत से बोनस अंशों को निर्गमित नहीं किया जा सकता है ?

(a) सामान्य अनामत (b) पूँजी विमोचन अनामत

(c) पुनर्मूल्यांकन अनामत (d) प्रतिभूति प्रीमियम

(2) दो बोनस निर्गमों के मध्य आवश्यक न्यूनतम समय अंतर हैं :

(a) 12 माह (b) 2 वर्ष

(c) 3 वर्ष (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) अंकेक्षक को अपना प्रमाण-पत्र निम्न में से किस पक्ष को संदर्भित करते हुए देना चाहिए ?

(a) कंपनी के निदेशक मंडल को

(b) केन्द्र सरकार को

(c) कंपनी के अंश धारकों को

(d) किसी पक्ष को संदर्भित नहीं किया जाता

(4) अंकेक्षक के प्रतिवेदन की दिनांक नहीं होनी चाहिए :

(a) प्रबंधन द्वारा जिस दिनांक को हिसाबों को अनुमोदित किया गया हो, उससे पूर्व की दिनांक ।

(b) निदेशक मंडल की सभा में जिस दिनांक को हिसाबों को अनुमोदित किया गया हो, उससे पूर्व की दिनांक ।

(c) वार्षिक सामान्य सभा की दिनांक पर

(d) (b) एवं (c) दोनों

(5) किन परिस्थितियों में स्वच्छ अंकेक्षण प्रतिवेदन दिया जा सकता है ?

(a) जब लाभ–हानि खाता लाभ अथवा हानि की सच्ची एवं सही स्थिति को नहीं दर्शाता है ।

(b) कंपनी ने कंपनी अधिनियमानुसार लेखा पुस्तकें बनाई हों ।

(c) जब आर्थिक चिट्ठा सच्ची एवं सही मौद्रिक (आर्थिक) स्थिति न दर्शाता हो ।

(d) उपरोक्त सभी

(6) अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करने से पूर्व निम्न में से कौन सी जानकारियाँ प्राप्त करनी आवश्यक हैं ?

(a) संस्था के नियम एवं विधान (संघटन)

(b) लेखांकन पद्धति तथा लेखा पुस्तकें

(c) आंतरिक अंकुश की पद्धति

(d) उपरोक्त सभी

(7) _____ एकत्रित एवं सुविचारित तथ्यों का विवरण है ।

(a) वार्षिक पत्रक (b) अंकेक्षण कार्यक्रम

(c) प्रतिवेदन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(8) निम्न में से किसे "संदिग्ध गबन (कपट) के किस्से में अन्वेषण" के संबंध में ध्यान में नहीं लिया जाता है ?

(a) संदिग्ध कपट की प्रकृति

(b) नकद के गबन की जाँच करना

(c) कंपनी के निदेशकों की अर्हता

(d) कितने समय का अन्वेषण करना है, यह निर्धारित करना ।

(9) निम्न में से कौन सी जानकारियाँ अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करने से पूर्व प्राप्त करना आवश्यक नहीं है ?

(a) पूर्व के अंकेक्षक का प्रतिवेदन

(b) आंतरिक अंकुश की पद्धति

(c) प्रतिद्वंद्वियों द्वारा अपनाई गई लेखांकन पद्धति

(d) उपरोक्त सभी

(10) देव कंपनी लिमिटेड का वर्ष 2023-24 का लाभ ₹ 10,00,000 है । यदि कंपनी 13.5% की दर से अंश पूँजी पर लांभाश घोषित करने का निर्णय लेती है, तो कंपनी अधिनियमानुसार सामान्य अनामत में स्थांनातरित की जाने वाली राशि की गणना कीजिए ।

(a) ₹ 1,00,000 (b) ₹ 60,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 75,000

(11) कंपनी अंकेक्षक को अपना प्रतिवेदन निम्न में से किस अधिनियम को संदर्भित करते हुए लिखना चाहिए ।

(a) साझेदारी (भागीदारी) अधिनियम, 1932

(b) विधि–व्यवस्था आदेश, 1949

(c) कंपनी अधिनियम, 2013

(d) आयकर अधिनियम, 2000

(12) निम्न में से कौन सा बिंदु किसी लेनदार अथवा ऋण देने वाली बैंक के स्थान पर अन्वेषण करने के दौरान प्रासंगिक नहीं है ?

(a) ऋण के उद्देश्य की जाँच

(b) प्रस्तुत की गई प्रतिभूतियों की जाँच

(c) भूतकाल में अस्वीकार किए गए ऋण आवेदन संबंधी जानकारियाँ प्राप्त करना

(d) संभावित ऋणी कंपनी के स्टॉक तथा अन्य संपत्तियों का गहन मूल्यांकन करना